डीएम नान की सख्त कार्रवाई

वेयर हाउस संचालक की हिटलर शाही पर लगाम

बन्द किया गोदाम

नव भारत खबर का असर

सिवनी /धारनाकला नवभारत। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी मे वैसे तो अनेको मामले सामने आ चुके है किन्तु खरीदी के अन्तिम समय तथा गोदाम मै धान भंडारण के समय सर्वेयर की भूमिका अदा करने वाले वेयर हाउस संचालक पर जिला प्रबंधक मध्य प्रदेश सिविल सप्लाईज कार्पो.लिमिटेड सिवनी के द्वारा लगाम कसी गई है जिससे धान खरीदी केन्द्र प्रभारीयो ने राहत की सांस महसूस की है चूकि लम्बे समय से वेयर हाउस मालिक तथा परिवार के सदस्य सर्वेयर के द्वारा गोदाम मे पहूचे ट्रको की धान का सर्वे कर पास कर रहे थे किन्तु शासन की नीति का गलत फायदा उठाकर वेयर हाउस संचालक एवं परिवार के सदस्य ही सर्वेयर बनकर ट्रक मे भरी अच्छी धान को भी रिजेक्ट कर धान खरीदी प्रभारी यो को परेशान करते चले आ रहे थे जिस कारण वेयर हाउस मे लगे सर्वेयर भी इनकी हिटलर शाही से परेशान थे जब यह बात नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक सुरेश सनखेरे के संज्ञान मे आई तो बिना देरी किये ही वेयर हाउस का निरिक्षण किया गया जिसमे सारी वास्तविक ता सामने आने के बाद जिला प्रबंधक द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुऐ धान से भरे ट्रको की जांच करते हुऐ सर्वेयरो की उपस्थिति मे वेयर हाउस मे खाली करवाने की कार्यवाई की है तथा मौके पर उपस्थिति ट्रक ड्रायवर की बात भी सुनी तथा मौके पर ही सारी हकीकत सामने आने के बाद अनावश्यक परेशान करने वाले वेयर हाउस संचालक को फटकार भी लगाई।

यहा यह भी उल्लेखनीय है की मौके पर पहूचे जिला प्रबंधक की टीम ने सारी सर्वेयर से जुडी सच्चाई तो पाई इसके साथ ही वेयर हाउस मे अनेको अनियमितताओ के साथ साथ अनेको कमिया भी पाई जिसे गम्भीरता से लेते हुऐ जिला प्रबंधक के द्वारा वेयर हाउस भी बन्द करने की कार्यवाई की गई है जिससे यह भी साफ हो गया है की जिला प्रबंधक की ठोस कार्रवाई से जरूर धान खरीदी केन्द्र जिनका परिवहन अभी भी शेष है ऐसे वेयर हाउस संचालक से जो सर्वेयर की भूमिका अदा कर धान खरीदी केन्द्रो को धान रिजेक्शन का दम्भ भर रहे थे निजात मिली है ।

लापरवाही सर्वेयर के द्वारा धान पास करने के बाद भी अलग करवाई जा रही बोरियां

वेयर हाउस संचालकों की मनमानी

सर्वेयर समकर खरीदी प्रभारियो को कर रहे परेशान

गोदामो की जांच हो तो काला सच सामने होगा

रिजेक्ट धान क्यो रखी है अब तक गोदाम में

यहा यह बताना भी लाजिमी है की सर्वेयरो के द्वारा अनेको धान खरीदी केन्द्रो की खराब धान रिजेक्ट करने की कार्यवाई की गई है जिसे काफी समय बीतने के बाद भी गोदाम के बाहर सजाकर रखा गया है जबकि इस बात की जानकारी धान खरीदी केन्द्रो को भी नही है इससे साफ अन्दाजा लगाया जा सकता है धान की क्वालिटी की जांच के लिये गोदामो मे रखे गये सर्वेयर पर भी गोदाम संचालक किस तरह ग्रहण लगाकर बैठे हुऐ है तथा शासन की नीति को भी ठेगा दिखाते नजर आ रहे है किन्तु इतना जरूर है की जिला प्रबंधक की निस्पक्ष कार्रवाई से जिले मे खरीदी कर रहे समिति तथा समूह ने जरूर राहत की सांस ली है।

राम की बाल लीलाएं हैं संसार की सकारात्मक आनंदमयी लीलाएं : लक्ष्मीमणि शास्त्री

सिवनी नवभारत। लखनवाड़ा जैतपुर के समीपस्थ गांव खैरीकलां में चल रही श्री रामचरित मानस नवाह परायण ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन गुरुवार को कथा प्रवक्ता सुश्री लक्ष्मीमणि शास्त्री जी ने प्रभु श्रीराम की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान राम की बाल लीलाएं संसार की सकारात्मक और आनंदमयी लीलाएं हैं। रामकथा स्थल में ब्रह्मलीन जगत गुरु शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती जी के शिष्य ब्रह्मचारी सुशीलानंद का भी आगमन हुआ। जहाँ उन्होंने श्रद्धालुजनों को राम चरित्र की कथा सुनाए।

पूज्य गुरूदेव भगवान द्विपीठाधीश्वर ब्रम्हलीन जगद्गुरू शंकराचार्य जी महाराज की शिष्या ने आगे बताया कि पूजा में भाव की महत्ता होती है। प्रभु भक्त के भाव को देखते हैं। यदि हम राम को पाना चाहते हैं, तो वे हमें अनुराग से प्राप्त होंगे। प्रभु की छवि को ही मन में बसाना होगा। उन्होंने श्रीराम के जन्म का चित्रण करते हुए बताया कि जब श्रीराम ने दशरथ नंदन के रूप में कौशिल्या की कोख से जन्म लिया, तो दासियां दौड़ पड़ीं। अयोध्या सजने लगी और जन-जन में उत्साह छा गया। पूरे अयोध्या में शहनाई की आवाज गूंज रही थी। उन्होंने कहाकि भगवान राम की बाल लीला में ही उनका साम्यवादी चिंतन और क्रियात्मक रूप स्पष्ट होता है। जब वे दशरथ के आंगन में विहार करते हैं और महाराज दशरथ उन्हें भोजन के लिए बुलाते हैं, तो वे समता के पोषक होकर अपने बाल सखाओं के साथ खेलते हैं। सर्वश्री समस्त ग्रामवासी खैरीकलां ने बताया कि हवन पूजन भंडारा प्रसाद वितरण 4 फरवरी को होगा।

सूने मकान का ताला तोड़ लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

छपारा नवभारत। नगर के जामा मस्जिद कॉलोनी में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए स्वर्ण जेवरात और नकदी लगभग 6 लाख रुपए पर हाथ साफ कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब पूरा परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने के बाहर गया हुआ था। चोरी की इस वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

शादी में गया था परिवार सुबह टूटे मिले ताले

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जामा मस्जिद कॉलोनी निवासी एवं चमन बैटरी शॉप के संचालक अल्ताफ अंसारी बुधवार, 28 जनवरी को अपने परिवार के साथ एक वैवाहिक कार्यक्रम में शाम को देर शाम गए थे। गुरुवार सुबह करीब 9 बजे जब वे वापस लौटे, तो घर के मुख्य गेट और अंदर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। घर के भीतर सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी में रखे सोने के एक जोड़ा कान के झुमके, एक जोड़ी कंगन और एक गले का हार कीमत लगभग दस लाख रुपए के जेवरात सहित बुधवार को मिली स्क्रैप बेचने पर मिली पांच लाख रुपए और आलमारी में भी रखे एक लाख रुपए कुल 6 लाख नकदी गायब थी। घटना की सूचना मिलते ही छपारा थाना प्रभारी खमेंद्र कुमार जैतवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला मुख्यालय सिवनी से दोपहर लगभग एक बजे एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया। विशेषज्ञों की टीम ने मौके से फिंगरप्रिंट्स और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। डॉग स्क्वायड की मदद से चोरों के भागने के रास्ते का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रशासन ने की अपील न छोड़ें सूना घर

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रशासन द्वारा समय-समय पर नागरिकों को आगाह किया जाता रहा है कि लंबे समय के लिए बाहर जाते समय कीमती सामान और नकदी साथ ले जाएं या किसी सुरक्षित स्थान पर रखें। बावजूद इसके, सुरक्षा निर्देशों की अनदेखी के कारण ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

शहीदों की स्मृति में आज रखा जायेगा 2 मिनिट का मौन

सिवनी नवभारत। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में प्रतिवर्ष 30 जनवरी को नागरिकों द्वारा मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी जाती है। इसी क्रम में 30 जनवरी को सुबह 11 बजे सभी गतिविधियाँ रोक कर दो मिनिट के लिये मौन धारण करने के निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किये गये है। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट व अन्य शासकीय कार्यालयों में सुबह 11 बजे से अधिकारी कर्मचारी मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी।

हत्या के प्रयास मामले में फरार 2 आरोपी गिरफ्तार

सिवनी नवभारत। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता अपराधों की रोकथाम के खिलाफ न केवल सख्त है, अपितु प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं जो एएसपी दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा को लेकर नववर्ष को पार्टी में हल्ला की बात को लेकर प्राणघातक हमला करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं।

उल्लेखनीय है कि 01 जनवरी को राहुल कश्यप निवासी दादू मोहल्ला संजय वार्ड सिवनी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 01/01/2026 को मठ मंदिर के पीछे खुले मैदान में हल्ला करने की बात को लेकर आजाद वार्ड सिवनी मोनू दुबे एवं मुन्ना कश्यप द्वारा धारदार चाकू से प्रार्थी राहुल कश्यप को जान से मारने की नियत से हमला करने पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया दौरान एवं तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर सभी फरार आरोपियों की संभावित लगातार तलाश पतासाजी की जा रही थी जो 28/01/2025 को ड्रीमलेंड सिटी के पास से आरोपी मोनू दुबे एवं मुन्ना कश्यप को घेराबंदी पकड़ा कर गिरफ्तार किया जाकर सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जहां न्यायालय द्वारा सभी न्यायिक हिरासत में जिला जेल सिवनी भेजा गया है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी, सउनि प्रमोद मालवी, प्र.आर. मनोज पाल, नवीन तिवारी, आर. सतीश इनवाती, सिध्दार्थ दुबे, प्रतीक बघेल चालक इरफान की सराहनीय भूमिका रही।

पार्षद गोल्ड कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में पहुंचे मुख्य अतिथि सनवर पटेल

सिवनी नवभारत। मिशन स्कूल ग्राउंड में खेली जा रही पार्षद गोल्ड कप क्रिकेट नाईट टूर्नामेंट दर्शकों के लिए सीधा प्रसारण गौतम डिजिटल सेटअप द्वारा यूट्यूब के माध्यम से जस्टिन स्टुडियो के माध्यम से लगातार घरों घर सीधा प्रसारण किया जा रहा है जिससे खेलप्रेमी इस टूर्नामेंट का प्रसारण कभी कहीं भी देख कर आनंद उठा रहे हैं। अजय बाबा पांडे और अरूण यादव और उनकी पूरी टीम द्वारा इस पार्षद गोल्ड कप क्रिकेट नाईट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन कराया जा रहा है। 28 जनवरी को खेले गए मैचों में माहौल तब बना जब मुख्य अतिथि के तौर कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनवर पटेल का आगमन हुआ तालियों की गड़गड़ाहट और आतिशबाजी के बीच आयोजन समिति द्वारा श्री पटेल का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया तत्पश्चात वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनवर पटेल द्वारा मैदान में उपस्थित टीम सद्भाव, पत्रकार 11, मुस्तफा 11, डीएस 11 से परिचय प्राप्त किया कर सिक्का उछालकर टास प्रकिया पूरी कराते हुए कहा कि वर्तमान में स्वस्थ रहने के लिए खेलों से लगाव जरूरी है आगे श्री पटेल ने क्रिकेट बेट से शाट लगाकर बाल को बाउंड्री पार कराया। अपने उद्बोधन में श्री पटेल ने खेलों के प्रति अपने अनुभव साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलों इंडिया का भी जिक्र किया।

विद्या भूमि शाला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

बरघाट नवभारत। गायत्री शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री विद्या भूमि सिटी प्राइड स्कूल बरघाट में 77वाँ गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर जी की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजवंदन एवं पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। संस्था के डायरेक्टर टोपेश राहंगडाले ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया इसके पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजवंदन एवं दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। संस्था के प्राचार्य संदीप शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपनी शानदार एवं आकर्षक प्रस्तुति दी जिसमें ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक नाटक, कक्षा छठवीं के द्वारा प्रस्तुत पहलगाम हमले पर आधारित माइम, नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा स्वच्छता जागरूकता हेतु एक आकर्षक प्रस्तुति एवं मोबाइल के दुष्प्रभाव से बचने हेतु नाटक आकर्षण का केंद्र रहे इन कार्यक्रमों को तैयार करवाने में सभी टीचर का योगदान रहा इस कार्यकमों में प्रगति रहांगडाले एवं क्षमा अवधियां ने सराहनीय कार्य किया जिसकी सभी ने प्रशंसा की गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, संस्था की संचालन समिति के सचिव कपिल अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रमो की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान नगर के वरिष्ठ जन टेकचंद बोपचे, गोविंद मालवी, नरेश अहिरवार के अलावा डायरेक्ट टोपेश राहंगडाले, शशांक जैन, राजकिशोर ठाकुर, सौरभ जैन, दीपक सूर्यवंशी, मयंक जैन, आलोक जैन, अंशुल जैन, विकास जैन, असलम अंसारी एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य संदीप शुक्ला द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

सांसद कुलस्ते का दौरा कार्यक्रम

सिवनी। लोकसभा एससी/एसटी कल्याण संबंधी समिति सभापति एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते प्राप्त अधिकृत प्रवास कार्यक्रम अनुसार 31 जनवरी को सिवनी जिले के प्रवास में रहेंगे। प्राप्त दौरा कार्यक्रम अनुसार सांसद श्री कुलस्ते दोपहर 2.00 बजे सिवनी पहुँचकर दिशा समिति की बैठक एवं अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम उपरांत श्री कुलस्ते शाम 5 .00 बजे नागपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

एडवांस केयर हॉस्पिटल लखनादौन जिला सिवनी

आवश्यकता है

इच्छुक मेल फीमेल नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है पता सिवनी रोड समनापुर एडवांस केयर हॉस्पिटल लखनादौन

संपर्क सूत्र

9752360935

9424657567

छपारा नगर परिषद की बड़ी कार्रवाई

सरकारी कार्य में बाधा डालने पर अतिक्रमणकारियों पर एफआईआर दर्ज

छपारा नवभारत। नगर परिषद छपारा द्वारा नगर के विकास और जनसुविधाओं के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अवैध अतिक्रमण हटाने गई टीम पर हमला और कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। नगर परिषद की मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ गीता वाल्मीकि की शिकायत पर पुलिस ने संबंधितों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है। मामला नगर के महावीर वार्ड नंबर 7 साहू मोहल्ला का है। यहाँ वार्ड वासियों की मूलभूत सुविधाओं के लिए नाली और सीसी रोड का निर्माण कार्य किया जाना है। जाँच के दौरान पाया गया कि कुछ निवासियों द्वारा शासकीय भूमि, रास्ते और सार्वजनिक नाली के ऊपर अवैध रूप से बाउंड्री वॉल, गेट, रफ्टा और टीन शेड का निर्माण कर लिया गया था। नगर परिषद द्वारा पूर्व में इन अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर स्वयं कब्जा हटाने के लिए समय दिया गया था। निर्धारित समयावधि बीत जाने के बाद भी जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तब 28 जनवरी को सीएमओ गीता वाल्मीकि, उपयंत्री दीपक उईके, सहायक राजस्व निरीक्षक चमन लाल भारतीया दलबल और जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुँचीं। जब परिषद एवं राजस्व विभाग का अमला अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर रहा था, तब निवासी श्रीमती मिथलेश साहू पति प्रेमलाल साहू एवं अन्य सहयोगियों द्वारा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई और विरोध जताया गया। नगर के विकास में इस प्रकार का अवरोध देख सीएमओ ने तत्काल सख्त रुख अपनाते हुए संबंधितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की।

एक और व्यक्ति हुआ सड़क दुर्घटना का शिकार

उगली नवभारत। उगली मुख्यालय से महज 100 मीटर की दूरी पर बीएसएनएल एक्सचेंज टावर के सामने जैन धर्म कांटा के नजदीक सड़क पर खड़े ट्रक पर एक दो पहिया वाहन पीछे से टकरा गया, प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार ट्रक के डब्ल्यू बी37 डी 2007 जो सीताराम ट्रांसपोर्ट केवलारी के ट्रांसपोर्टर का ट्रक था, जो उगली क्षेत्रांतर्ग धान उपार्जन केंद्र परिवहन के लिये आया था, जिसमें पीछे एक रोड में इंडिकेशन वाला साइन बोर्ड लोहे का एंगल लगा हुआ था। बाइक सवार नरेश पिता ध्यान गिरी निवासी सोनखार उम्र लगभग 45 जो सामने से आने वाले वाहनों की तेज रोशनी सफेद दूधिया लाइट की चका चौंध में अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार के साथ सड़क पर लगे साइन बोर्ड के साथ ट्रक में घुसने से गिर गया, और गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी उगली ने बताया कि वाहनों में सफेद तेज रोशनी के जो लाइट्स आजकल फैशन के दौर में लगाया जा रहा हैं, इससे रात्रि के समय सड़क दुर्घटनाएं हो रही है और असमय ही लोगों के काल के गाल में समा रहे है। हाल ही में 26 जनवरी के दिन भी एक सड़क हादसा हुआ जिसमें एक उगली निवासी युवक की मौत हो गई। गत दिवस भी ऐसे ही घटना घटी हुई। जिस स्थान पर ट्रक खड़ा था उसके नजदीक जैन धर्म कांटा है, जहां पर पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं है, खाली ट्रक सड़क पर खड़े रहते है, जिस पर आकर दो पहिया वाहन टकरा गया धर्म कांटा संचालक को अपने प्रतिष्ठान के पास में पार्किंग की उचित व्यवस्था करनी चाहिए मृतक नरेश गिरी का गत दिवस पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया. घटना में गंभीर घायल को तुरंत प्राथमिक की उपचार के लिए केवलारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उक्त व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया।

इनका कहना है

सड़क दुर्घटनाओं में अक्सर रात्रि के समय जो भी हादसे हो रहे हैं इसका मुख्य कारण वाहनों में लगे सफेद रोशनी वाले, लाइट्स, मिर्ची बल्ब इसकी वजह से तेज रोशनी के अंतर्गत अपर डिपर को समझने में गलतियां हो रही है, और अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं हो रही है, जिसके लिए मैंने अपने उच्च अधिकारियों से भी बात की है, लेकिन कहीं ना कहीं इन सड़क दुर्घटनाओं के पीछे तेज रोशनी का होना पाया जा रहा है.

एस गोदेवार, थाना प्रभारी उगली

सम्मान नईदिल्ली में आयोजित पंचायती राज अमर रहे सम्मान समारोह में प्रदेश के साथ-साथ सिवनी जिले को भी गौरवान्वित किया

राष्ट्रीय सम्मान पाकर लौटे सरपंच-सचिवों का भव्य स्वागत

सिवनी नवभारत। जिले की आदिवासी बाहुल्य जनपद पंचायत धनौरा की ग्राम पंचायत साजपानी एंव कूड़ारी को भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में नईदिल्ली में आयोजित पंचायती राज अमर रहे सम्मान समारोह में देश की सौ अग्रणी पंचायतों में अपना स्थान बनाकर प्रदेश के साथ साथ सिवनी जिले को भी गौरवान्वित किया। ग्राम पंचायत साजपानी ने शासन कि जन कल्याणकारी योजनाओं से देश की 2.50 लाख पंचायतों में से जारी रैंकिंग में प्रथम 100 उत्कृष्ट ग्राम पंचायतो में चयनित हुई। ग्राम पंचायत साजपानी एवं ग्राम पंचायत कुडारी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजधानी नई दिल्ली के लाल किले से सम्मानित किया गया है।

ग्राम पंचायत साजपानी में नवाचार घर पहुंच सेवा, सिकल सेल एनीमिया रोकथाम , हर घर जल , व स्वच्छता के साथ साथ शासकीय योजनाओं को सहज और सरल तरीके से जन जन तक पहुंचाने में नवाचार तो वहीं ग्राम पंचायत कुडारी में महिला सशक्तिकरण के कार्यो को लागू कर मनरेगा योजना से एक बगिया मां के नाम पंचायत कार्यालय के माध्यम से सेवा प्रदायगी में डिजिटल तरीके को राष्ट्रीय स्तर में सराहा गया। ग्राम पंचायत साजपानी एंव कुडारी के सरपंचों की समारोह में सम्मिलित होकर नई दिल्ली से वापिसी पर आज खैरमाई मंदिर साजपानी में सरपंच श्रीमति सुदामा शिवराम धुर्वे का भव्य स्वागत ग्रामीणों एंव जनपद पंचायत धनौरा के मुख्यकार्यपालन अधिकारी एंव शासकीय कर्मचारियों एंव ग्राम पंचायत के ग्रामीणों द्वारा बजेगाजे के साथ किया गया। स्वागत कार्यक्रम में उपसरपंच पार्वती भंगीलाल बरकड़े, पेसा ग्रामसभा अध्यक्ष ने गुलाबसिंह मर्सकोले पूर्व विधायक डालसिंह मर्सकोले, अनवरसिंह मर्सकोले, श्रीमति नन्ही वेतन मर्सकोले वार्ड पंच, रीता, महेंद्र कुशराम, शिवकली, गनेशा विश्वकर्मा, सरिता, पंजीलाल वरकड़े, सतिया, खेमसिंह धुर्वे एवं समस्त पंचगण, इस अवसर पर सीईओ ओंकारसिंह ठाकुर, पीसीओ आनंद ऊइके, सनत कुमार जैन, सहायक विकास विस्तार अधिकारी यूनेश पुर्राम, प्रधान पाठक प्रीति श्रीवास्तव,रश्मि रायज़ बीएलओ श्रीमति मरकाम मैडम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा वरकड़े, निरतो पंद्रे, पंचायत सचिव शमशेर खान, रोजगार सहायक मनेंद्रसिंह सिंहोसे, पेसा मोबिलाइजर देवसिंह मर्सकोले, मेट भानसिंह मर्सकोले, सुखचैन मर्सकोले, संदीप कुमार हिवारे, नलजल चालक पूनम मर्सकोले सहयोगी मुंशीलाल परते, चतुरिया बाई वरकड़े, हरिलाल मर्सकोले ,कुंदनसिंह प्रजापति,छोटेलाल मर्सकोले,हरिसिंह मरावी,एवं समस्त ग्रामवासियों ने पुष्प गुच्छ भेंट तिलक वंदन से किया स्वागत किया गया। देश भर कि पंचायतों को रैंकिंग के आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया।

आज जिला कांग्रेस मनायेगी बापू की पुण्यतिथि

सिवनी नवभारत। राष्ट्रपिता पूज्य बापू महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) 30 जनवरी शुक्रवार को प्रातः ठीक 11 बजे, कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में मनाई जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने जिला एवं नगर कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेस जन, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी व प्रतिनिधि, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ, विभाग के अध्यक्ष, पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण, जिला, जनपद पंचायत एवं नगरपालिका के निर्वाचित जनप्रतिनिधि सहित समस्त कांग्रेस जनों से उपस्थिति की अपील की है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) /लोकन्यास पंजीयक लखनादौन, जिला-सिवनी (म.प्र.)

क्र./44/रीडर-2/2026 — प्रारूप कमांक-04 (देखें नियम 6 (1)) — लखनादौन दिनांक : 09 जनवरी 2026

सूचना पत्र

(मध्यप्रदेश लोकन्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30)धारा 5 की उपधारा (2) और मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1962 के नियम 6 (1) के द्वारा)

रा.प्र. क. :- 0001 / बी-113/2025-26 ग्राम- देवरीकला, प.ह.न. 09 रा.नि.म. चमारीखुर्द, तहसील छपारा, जिला-सिवनी म.प्र. ।

चूंकि आवेदकगण 1- वीरेन्द्र कुमार सोनी पिता श्री निरपतलाल सोनी उम्र 47 वर्ष 2- राजेश कुमार सोनी पिता श्री ठाकुर प्रसाद सोनी जाति सुनार दोनों निवासी ग्राम देवरीकला, गनेशगंज तहसील छपारा, जिला - सिवनी म.प्र. के द्वारा म.प्र. लोक न्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30) की धारा 4 के अंतर्गत कथित लोक न्यास 'श्री शंकर मंदिर ट्रस्ट' ग्राम देवरीकला तहसील छपारा के पंजीयन हेतु आवेदन, अनुसूची में विनिर्दिष्ट संपत्ति के लिए प्रस्तुत किया गया है। एतद द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि कथित आवेदन पर दिनांक 10 फरवरी 2026 को मेरे न्यायालय में विचार में लिया जाएगा। अतः मैं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लखनादौन, जिला- सिवनी, लोकन्यासों का पंजीयक, अपने न्यायालय में दिनांक 09 जनवरी 2026 को उक्त अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) के द्वारा यथा अपेक्षित जांच करना प्रस्थापित करता हूं। अतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि किसी आपत्ति या सुझाव को करने का आशय रखते हुए कथित न्यास या संपत्ति में हितबद्ध कोई व्यक्ति इस सूचना पत्र के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत कर सकता है, और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिशः अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए। उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों को विचार में नही लिया जावेगा।

अनसूची

(1) लोक न्यास का नाम :- ' श्री शंकर मंदिर ट्रस्ट ' (2) लोक न्यास का पता :- ग्राम देवरीकला तहसील छपारा, जिला- सिवनी म.प्र.। (3) न्यास की चल संपत्ति :- 2,37,677 /- रूपये (दो लाख सैंतीस हजार छः सौ सत्तर रूपये) (आदिम जाति/ वृह. / सेवा सहकारी समिति मर्यादित गनेशगंज जिला सिवनी पंजीयन क्रमांक 844 के सेविंग बैंक खाता में जमा) (4) न्यास की अचल संपत्ति :- ग्राम जोगीवाडा प.ह.न. 08 राजस्व निरीक्षक मण्डल चमारीखुर्द व तहसील छपारा, जिला-सिवनी म.प्र. स्थित भूमि खसरा नंबर 250 रकबा 1.55 हे.। ग्राम सिंघोडी प.ह.न. 09 राजस्व निरीक्षक मण्डल चमारीखुर्द व तहसील छपारा, जिला-सिवनी म.प्र. स्थित भूमि खसरा नंबर 108 रकबा 1.14 हे. ।

आज दिनांक 09 जनवरी 2026 को सूचना पत्र मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा के आधीन जारी ।

(रवि कुमार सिह्नग)
लोकन्यास पंजीयक /अ.वि.अ. (रा.)
लखनादौन, जिला सिवनी (म.प्र.)

न्यायालय की मुद्रा

जारी दिनांक :- 09 जनवरी 2026
नियत दिनांक :-10 फरवरी 2026